# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891


विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/02/26 – 49

,राँची/दिनांकः 06/08/2026

## पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [Polytechnic Entrance Competitive Examination] – 2026 के परीक्षाफल (Result) एवं परीक्षाफल आधारित ऑनलाईन साक्षात्कारों से संबंधित आवश्यक सूचना

..................................

दिनांक–12.07.2026 (रविवार) को आयोजित पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [Polytechnic Entrance Competitive Examination] – 2026 में सम्मिलित हुए परीक्षार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा का परीक्षाफल पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Result Column पर प्रवेश परीक्षा का नाम चुनकर, दिये गये दिशानिर्देशों का पालन करते हुए अपना परीक्षाफल (Result) डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा के चारों सेटों के प्रश्न–पत्रों का उत्तर कुंजी (Answer Key) पर्षद के वेबसाईट पर दिनांक– 13.07.2026 को प्रकाशित करते हुए दिनांक– 16.07.2026 तक आपत्ति आमंत्रित किया गया। प्राप्त एक–एक आपत्तियों के विरूद्ध विशेषज्ञों का मंतव्य प्राप्त कर आपत्तियों का निराकरण करते हुए अंतिम/संशोधित उत्तर कुंजी (Answer Key) पर्षद के वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है।

झारखण्ड राज्य स्थित राजकीय पोलिटेकनिक (महिला सहित) संस्थानों, पी0पी0पी0 मोड पर संचालित पोलिटेकनिक संस्थानों एवं गैर–राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में अभियंत्रण डिप्लोमा पाठ्यक्रम एवं उद्योग विभाग, झारखण्ड के अधीन संचालित Jharkhand Government Mini Tool Room & Training Centre, Ranchi, Government Tool Room & Training Centre, Dumka में Mechanical Engineering (Tool & Die), CIPET, Ranchi के DPMT एवं DPT पाठ्यक्रमों के शैक्षणिक वर्ष 2026–27 (प्रथम् सेमेस्टर/प्रथम् वर्ष) में नामांकन हेतु सीटों का आवंटन e-Counselling के माध्यम से Online आवंटित की जायेगी।

2. शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिये उपलब्ध सीटों की संस्थानवार/कोटिवार/कोटावार सीटों की विवरणी http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Download Column पर देखा जा सकता है।

3. मेधा–सूची में सम्मिलित तथा धनात्मक (Positive) अंक धारक उम्मीदवार उपलब्ध संस्थानों/शाखाओं में से अपने लिये शाखा/संस्थान का चयन प्राथमिकता (Priority) के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध Online Counselling for Admission in Polytechnic-2026" Link पर Click कर दिये गये दिशा निर्देशों का अनुसरण करते हुए निबंधन (Registration) कर विकल्पों का चयन कर लें। ऑनलाईन साक्षात्कार के पूर्व पोलिटेकनिक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2026 की मार्ग–निर्देशिका को अवश्य पढ़ लें। **विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों का चयन करे।**

## A. Time Schedule for 1st Round of Online Counselling

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Starting date of Online Registration and Choice Filling for seat Allotment | 07/08/2026 |
| 2. | Last date of Online Registration & Choice Filling for seat Allotment | 09/08/2026 |
| 3. | Issue of Provisional Seat Allotment Letter | 10/08/2026 to 14/08/2026 |
| 4. | Documents Verification and Admission in the Concerned Institute | 11/08/2026 to 14/08/2026 |

4. **साक्षात्कार शुल्कः**– अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

| Sl.No. | Category | Counselling Fee |
|---|---|---|
| 1. | General/EWS/BC-I/BC-II | Rs. 400.00 |
| 2. | SC/ST/Female Candidate of all categories | Rs. 250.00 |

5. **सीट आवंटन हेतु आंशिक नामांकन शुल्क की राशि** :– अभ्यर्थियों को औपबंधिक सीट आवंटन पत्र अधःभारित (Download) करने हेतु आंशिक नामांकन शुल्क रू0 1,000/–की राशि उपरोक्त कंडिका–4 में वर्णित तरीका के ही अनुसार जमा करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में नामांकन लेते हैं तथा अध्ययन जारी रखते हैं तो आंशिक नामांकन शुल्क की राशि शिक्षण शुल्क में समायोजन हेतु संबंधित संस्थान को उपलब्ध करा दी जायेगी अन्यथा आंशिक नामांकन शुल्क की राशि पर्षद द्वारा जब्त (Seize) कर ली जायेगी।

6. निर्धारित तिथि तक नामांकन नहीं लेने पर सीट/संस्थान का आवंटन स्वतः रद्द हो जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

06/08/26

**विशेष कार्य पदाधिकारी**